an>

Title: Need to amend the Street Vendors (Protection of Livelihood and Regulation of Street Vending) Act at the earliest in order to address the problems of stake holders.

श्रीमती पूनम महाजन (उत्तर मध्य मुम्बई) : अध्यक्ष महोदया, मैं स्ट्रीट वैंडर्स एक्ट 2014 में कुछ संशोधन करने का निवेदन करने के लिए आपके सामने खड़ी हूँ। मैं एक ऐसे शहर से आती हूँ जहाँ डैंसिटी के रूप में शहर बहुत बड़ा है लेकिन वह फैल नहीं सकता और हर वक्त ऊँचाई से बड़ा बनता है। वहाँ गत दो महीने से रैज़िडैंट्स एसोसियेशंस और हाकर्स एसोसियेशंस में बहुत बड़ा शीत युद्ध चल रहा है। वह इसलिए चल रहा है कि जिस तरीके से स्ट्रीट वैंडर्स एक्ट बनाया गया है, वह पापुलेशन डैंसिटी पर आधारित न करते हुए ईक्वली पूरे देश के लिए बनाया है। उससे मुम्बई जैसे शहर में और बहुत से ऐसे शहर जो बढ़ रहे हैं, उनमें दिक्कत है। हमारे देश की जनसंख्या 125 करोड़ है तो मुम्बई की जनसंख्या करीब 2 करोड़ है। आने वाले सन् 2030 तक मुम्बई की जनसंख्या 3 करोड़ तक बढ़ेगी और वर्ल्ड्ज़ फोर्थ लार्जैस्ट सिटी के रूप में मुम्बई शहर बनेगा। इस एक्ट में संशोधन की जरूरत इसलिए है कि यूडीपीएफआई ने आइडियल स्क्वैयर मीटर पर कैपिटा स्पेस रेशियो परसन को 10 स्क्वैयर मीटर रखा है। लेकिन मुम्बई में वह 0.99 है, मात्र 1 परसेंट भी वह पर परसन कैपिटा स्क्वैयर मीटर जगह नहीं है। जब मुम्बई इस रूप से बढ़ नहीं सकती और लोग मुम्बई में हैं चूँकि आर्थिक राजधानी है और लोग यहाँ आना चाहते हैं, लेकिन जब मुम्बई में आते हैं तो घर भी छोटे होते हैं, रास्ते भी छोटे होते हैं, बढ़ नहीं सकते। तो स्टेशनों पर, छोटी छोटी गलियों में खुद स्ट्रीट वैंडर्स रहते हैं। हमारा सौभाग्य है कि प्रधान मंत्री जी ने स्ट्रीट वैंडर्स को एक प्रकार का मुद्रा बैंक के रूप में स्ट्रीट एंटरप्रैन्योर्स बनाने की कोशिश की है। लेकिन दोनों का सम्मान हो, रहने वाले रेज़ीडेंशियल एसोसिएशन का भी हो तो इस संशोधन के लिए मैंने श्री वेंकैया नायडू जी को खत भेजा है। मुम्बई जैसे शहर में उस संशोधन में डेंसिटी के रूप से वे एक्ट बनायें तो ही म्युनिसिपल कारपोरेशन उस एक्ट को आगे बढ़ा सकती है और हॉकर्स जोन को उस रूप से मुम्बई में विस्तारित रूप दे सकती है।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: श्री प्रहलाद सिंह पटेल, डॉ. किरिट पी. सोलंकी, श्री अरविंद सावंत, श्री राहुल शेवाले और m06श्री पी.पी.चौधरी को श्रीमती पूनम महाजन के साथ सम्बद्ध होने की अनुमति प्रदान की जाती है।